Seventeenth Loksabha

an>

Title: Issue regarding law and order situation in Mahatashtra.

श्रीमती नवनित रवि राणा (अमरावती): सभापति महोदय, आपको बहुत-बहुत धन्यवाद । मैं आपके माध्यम से सदन को यह बताना चाहूंगी कि महाराष्ट्र के कैबिनेट में ऐसे बहुत सारे मुद्दे हैं । महाराष्ट्र के लोगों, जरूरतमंदों, किसानों, बेरोज़गारों एवं विद्यार्थियों के लिए बिजली का निर्णय लेने के लिए भी कैबिनेट के पास टाइम नहीं है, लेकिन ठाकरे सरकार ने सबसे पहले यह निर्णय लिया कि हर किराने की शॉप में वाइन उपलब्ध होगी और सारे मंत्री बोलते हैं कि wine does not contain alcohol.

मुझे उन मंत्रियों से यह पूछना है, ठाकरे सरकार से पूछना है कि वाइन में एल्कोहल है या नहीं? जहां हमारी बहन, बेटियां और बच्चे किराना लेने के लिए, ग्रोसरी और घर का सामान लेने के लिए जाएंगे, वहां पर अब बोर्ड पर यह भी लिखा होगा कि यहां वाइन भी उपलब्ध है । इसे गली में, घर तक पहुंचाने का काम यह महाराष्ट्र सरकार कर रही है । मैं आपके माध्यम से महाराष्ट्र सरकार से विनती करूंगी कि आपको बाकी जरूरत के निर्णय लेने चाहिए, महिलाओं और बच्चों का भविष्य खराब करने के निर्णय महाराष्ट्र सरकार को नहीं लेने चाहिए ।

सर, आपके माध्यम से, मैं कल अमरावती में जो इंसिडेंट हुआ, उसके बारे में कहना चाहती हूं । कमिश्नर के ऊपर कई कार्यकर्ताओं ने महाराष्ट्र में इंक फेंकने का काम किया, मैं उसका समर्थन नहीं करती हूं, परन्तु कई शिव भक्त और शिव प्रेमियों ने यह किया, हम उनके साथ खड़े हैं, क्योंकि उनकी भावनाएं कमिश्नर के द्वारा दुखाई गई हैं । परन्तु कल विधायक रवि राणा जी अमरावती में उपस्थित नहीं थे, उनकी एक बजे की फ्लाइट नागपुर से दिल्ली के लिए थी, उन पर धारा 307 और धारा 102बी लगाकर केस दाखिल किया गया है । महाराष्ट्र में …* करने का काम ठाकरे सरकार कर रही है । जब अमरावती में कमिश्नर साहब के साथ यह घटना हुई, उस घटना का समय एक बजे है, लेकिन रात में

साढ़े ग्यारह बजे उसका यह गुनाह तब दाखिल होता है, जब सीएम ऑफिस से सीपी को निर्देश आते हैं कि उन कार्यकर्ताओं और विधायक पर यह गुनाह दाखिल कीजिए ।

सर, मैं आपके माध्यम से विनती करती हूं कि महाराष्ट्र में किस तरह से अत्याचार हो रहे हैं। किरीट सोमैया जी के साथ सुरक्षा रहने के बावजूद, शिवसेना ने उनके साथ अत्याचार किया।...(व्यवधान) नितेश राणे जी के साथ जो हुआ और आज रवि राणा जी के साथ जो हुआ।...(व्यवधान) उनके ऊपर धारा 307 लगाई गई है । यह कौन सी धारा है? उस व्यक्ति के ऊपर हाफ मर्डर धारा लगाई गई है, जो अमरावती में है ही नहीं ।... (व्यवधान)